


# वॉटर प्लांट का निरीक्षण, जांच के लिए पानी के नमूने

- खाद्य सुरक्षा और पीएचई विभाग की संयुक्त कार्रवाई, भोपाल लैब भेजे गए सैंपल




**नवभारत न्यूज**

**रतलाम।** पेयजल की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए खाद्य सुरक्षा एवं लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी (पीएचई) विभाग ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए शनिवार को बड़ावदा स्थित सांवरिया वाटर प्लांट का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने प्लांट से पानी के नमूने लेकर जांच के लिए राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला, भोपाल भेजे।

खाद्य सुरक्षा अधिकारी ज्योति बघेल एवं पीएचई विभाग के एसडीओ इरफान अली के नेतृत्व में हुई कार्रवाई में प्लांट की व्यवस्थाओं और गुणवत्ता मानकों का परीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान प्रतिष्ठान पर आवश्यक खाद्य पंजीयन प्रमाण-पत्र उपलब्ध पाया गया।

अधिकारियों ने खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम, 2006 के तहत पानी के नमूने लेकर उनकी गुणवत्ता और मानक स्तर की जांच कराने की प्रक्रिया पूरी की। साथ ही प्लांट संचालक को परिसर में स्वच्छता बनाए रखने तथा खाद्य पंजीयन प्रमाण-पत्र को प्रमुख स्थान पर प्रदर्शित करने के निर्देश दिए गए।

अधिकारियों ने बताया कि भोपाल स्थित प्रयोगशाला से जांच रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद नियमानुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी। विभाग का कहना है कि उपभोक्ताओं को सुरक्षित और गुणवत्तायुक्त पेयजल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से ऐसे निरीक्षण नियमित रूप से जारी रहेंगे।

# दो हादसों में मासूम सहित दो की मौत

**रतलाम।** जिले में शुक्रवार को हुए दो अलग-अलग हादसों में एक मासूम बालक सहित दो लोगों की मौत हो गई। बाजना थाना क्षेत्र के ग्राम सूरजबड़ला में घर के बाहर बनी पानी की होद में डूबने से 5 वर्षीय संदीप पिता सुनील डोडियार निवासी डाबर की मौत हो गई। पुलिस के अनुसार बालक खेलते-खेलते होद के पास पहुंच गया और पानी में गिर गया। परिजनों को जानकारी मिलने पर उसे बाहर निकाला गया, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। वहीं आलोट थाना क्षेत्र के ग्राम पिपलिया पीथा में करंट लगने से एक व्यक्ति की जान चली गई। पुलिस के अनुसार भगवानलाल बागरी के खेत के पास आमरोड़ क्षेत्र में 35 वर्षीय श्रवणसिंह पिता उमरावसिंह राजपूत करंट की चपेट में आ गए। हादसे में उनकी मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने शव का पंचनामा बनाकर पोस्टमार्टम की कार्रवाई कराई।

# महंगे प्रोजेक्ट में दोयम दर्जे का काम, ऊपर से टपकती आफत

- 25-30 करोड़ का प्रोजेक्ट धराशायी
- पहली बारिश में लहसुन प्लेटफॉर्म छत से झरने सा टपक रहा पानी




**नवभारत न्यूज**

**जावरा।** अरनिया पीथा मंडी में विकास और निर्माण के नाम पर चल रहे कार्यों की गुणवत्ता पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। करीब 25 से 30 करोड़ रुपये की भारी-भरकम लागत से निर्माणाधीन नवीन लहसुन यार्ड (प्लेटफॉर्म) की छत पहली ही बारिश का सामना नहीं कर सकी। जगह-जगह से रिसते पानी ने न केवल निर्माण कार्य में हो रही घोर लापरवाही और भ्रष्टाचार की पोल खोल दी है, बल्कि इसके कारण व्यापारियों की सोयाबीन भीगकर बर्बाद हो गई है। वहीं, प्रशासन की उदासीनता के चलते मंडी परिसर में उड़ती धूल और मिट्टी से गंभीर संक्रमण का खतरा मंडरा रहा है।

जावरा की लहसुन मंडी खाचरोद नाका स्थित मंडी में संचालित की जा रही है। इसे सर्वसुविधायुक्त और आधुनिक बनाने के उद्देश्य से अरनिया पीथा मंडी में करीब 25 से 30 करोड़ रुपये की लागत से नवीन लहसुन यार्ड का निर्माण कार्य प्रगति पर है। इसके प्लेटफॉर्म बनकर तैयार हो चुके हैं, लेकिन निर्माण की गुणवत्ता इतनी निम्न स्तर की है कि मानसून की पहली फुहारों में ही शेड से पानी टपकने लगा। दूसरी ओर, मंडी के निर्धारित सोयाबीन यार्ड के प्लेटफॉर्म पर लंबे समय से व्यापारियों का पुराना माल डंप पड़ा है। जगह के अभाव में मजबूरीवश सोयाबीन की तुलाई इसी निर्माणाधीन लहसुन यार्ड में की जा रही थी। बारिश के दौरान जब छत से पानी टपकने लगा, तो वहां रखी कई सोयाबीन बोरी पूरी तरह भीग गई। व्यापारियों को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा है।

**8 बार ज्ञापन, फिर भी कुंभकर्णी नींद में प्रशासन:** मंडी परिसर में बदइंतजामी केवल टपकती छतों तक सीमित नहीं है। जावरा मंडी व्यापारिक संगठन ने प्रशासन की कार्यप्रणाली पर कड़ा रोष व्यक्त किया है। सोयाबीन यार्ड के समीप सड़क पर मिट्टी निकालने वाली भारी मशीनें लगी हुई हैं, जिनसे लगातार धूल और मिट्टी का गुबार उड़ता रहता है। व्यापारिक संगठन अध्यक्ष विनोद दख, सचिव नितेश भंडारी का कहना है कि इन मशीनों को वहां से हटाने के लिए मंडी प्रशासन और संबंधित अधिकारियों को अब तक संगठन के माध्यम से 8 बार लिखित आवेदन सौंपे हैं। लेकिन, विडंबना यह है कि जिम्मेदार अधिकारियों के कानों पर जूं तक नहीं रेंगी। इस उड़ती धूल के कारण मंडी प्रांगण में काम करने वाले व्यापारियों, किसानों और हम्मालों को गंभीर एलर्जी और श्वसन संबंधी संक्रमण का सामना करना पड़ रहा है।

### किसानों के लिए बने प्लेटफॉर्म खाली करवाने की माँग

पूर्व जप अध्यक्ष रामविलास धाकड़ व किसान नेता दिलीप पाटीदार धामेडी का कहना है कि अरनियापीथा, जावरा की कृषि मण्डी के सभी प्लेटफॉर्म्स पर व्यापारियों ने अपना माल रखा हुआ है। इस कारण बाहर से आने वाले किसानों को अपनी उपज खाली करने और बेचने के लिए सुरक्षित जगह नहीं मिल रही है। जगह के अभाव में किसानों को मजबूरी में खुले में अपनी उपज बेचनी पड़ रही है। बारिश होने पर खुले में रखा माल गीला हो जाता है, जिससे किसानों को बेवजह आर्थिक नुकसान उठाना पड़ता है। किसानों की इस समस्या के समाधान हेतु जल्द-से-जल्द सभी प्लेटफॉर्म खाली कराए जाएँ।

## एक नजर में

### बड़ावदा स्वास्थ्य केंद्र ने रचा कीर्तिमान, गुणवत्ता में राष्ट्रीय पहचान

**रतलाम।** जिले के जावरा विकासखंड अंतर्गत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बड़ावदा ने स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता के क्षेत्र में




उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। केंद्र को 92.08 प्रतिशत अंक प्राप्त होने पर नेशनल क्वालिटी एश्योरेंस स्टैंडर्ड (एनक्युएएस) सर्टिफिकेशन के लिए क्वालिफाइड घोषित किया गया है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संध्या बेलसरे ने बताया कि स्वास्थ्य संस्थानों में प्रदान की जा रही सेवाओं का मूल्यांकन राज्य स्तरीय एवं राष्ट्रीय दल द्वारा किया जाता है। निरीक्षण के दौरान मरीजों को दी जाने वाली सुविधाओं, स्वच्छता, उपचार व्यवस्था, रिकॉर्ड प्रबंधन तथा अन्य गुणवत्ता मानकों का परीक्षण किया जाता है। इन मानकों पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली संस्थाओं को नेशनल हेल्थ सिस्टम रिसोर्स सेंटर द्वारा एनक्यूएएस सर्टिफिकेशन प्रदान किया जाता है। इसी क्रम में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बड़ावदा ने 92.08 प्रतिशत अंक प्राप्त कर राष्ट्रीय स्तर के गुणवत्ता मानकों को पूरा किया है। स्वास्थ्य केंद्र की इस उपलब्धि पर जिले के स्वास्थ्य विभाग में खुशी का माहौल है। सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने केंद्र पर कार्यरत चिकित्सा अधिकारी और स्टाफ को बधाई देते हुए इसे जिले के लिए गौरवपूर्ण उपलब्धि बताया है। अधिकारियों ने उम्मीद जताई कि यह सफलता अन्य स्वास्थ्य संस्थानों को भी बेहतर सेवाएं प्रदान करने के लिए प्रेरित करेगी।

### संध्याकालीन शिविरों में आज प्राप्त हुई 15 शिकायतें, 12 का हुआ त्वरित निराकरण



**रतलाम।** कलेक्टर मिशा सिंह के निर्देशानुसार 26 मई से जिले की 8 नगर पालिका/परिषदों में लगातार वार्ड वार संध्याकालीन शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। आज 5 जून को सभी निकायों में जनप्रतिनिधियों एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारियों की उपस्थिति में शिविर आयोजित हुए। शिविरों में जल से संबंधित समस्याओं की कुल 06 शिकायतें प्राप्त हुई जिसमें से 4 शिकायत का समाधान मौके पर किया गया। सफाई से संबंधित 9 शिकायतें प्राप्त हुई जिसमें से 8 शिकायतों का त्वरित निराकरण किया गया। उक्त जानकारी परियोजना अधिकारी जिला शहरी विकास अभिकरण अरुण कुमार पाठक द्वारा दी गई।

### सीकासा छात्रों ने किया वीनस अलॉयज में औद्योगिक भ्रमण, ली टेक्निक की जानकारी




**रतलाम।** सीकासा द्वारा 3 जून को दलोदा स्थित वीनस अलॉयज प्राइवेट लिमिटेड में एक दिवसीय औद्योगिक भ्रमण का आयोजन किया गया। इस शैक्षणिक भ्रमण में करीब 40 सीए छात्रों ने भाग लेकर उद्योग जगत की कार्यप्रणाली को नजदीक से समझा। सीकासा कमेटी के अध्यक्ष सीए शगुन बड़जात्या के नेतृत्व में आयोजित भ्रमण के दौरान कंपनी के डायरेक्टर्स प्रसन्न जैन, अंकित किमटी, वैभव दुग्गड़, अभय संचेती एवं संयम जैन ने छात्रों को प्लांट की उत्पादन प्रक्रिया, प्रबंधन प्रणाली और संचालन की विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम के बाद छात्रों के लिए मंदसौर स्थित गिरनार वाटर पार्क में मनोरंजन गतिविधियों का भी आयोजन किया गया। रतलाम ब्रांच के अध्यक्ष आकाश मित्तल और सचिव यश जैन ने बताया कि विद्यार्थियों के व्यावसायिक और सर्वांगीण विकास के लिए ऐसे कार्यक्रम आगे भी आयोजित किए जाते रहेंगे। पूर्व अध्यक्ष मोहित श्रीमाल, उपाध्यक्ष दीपेश जैन एवं कोषाध्यक्ष पराग जैन ने भी छात्रों का उत्साहवर्धन किया।

# पेंशनर्स एसोसिएशन ने महाप्रबंधक को सौंपा 10 सूत्रीय मांग पत्र




**नवभारत न्यूज**

**रतलाम।** ऑल इंडिया रेलवे पेंशनर्स वेलफेयर फेडरेशन, रतलाम मंडल ने पश्चिम रेलवे के महाप्रबंधक रामाश्रय पाण्डेय के रतलाम प्रवास के दौरान 10 सूत्रीय मांग पत्र सौंपकर रेल पेंशनरों और सेवानिवृत्त कर्मचारियों से जुड़े विभिन्न मुद्दों का निराकरण करने की मांग की। संघ ने आगामी सिंहस्थ-2028 को देखते हुए उज्जैन में रेलवे के सेवानिवृत्त एवं कार्यरत कर्मचारियों के लिए विशेष 'सिंहस्थ विश्राम स्थल' बनाने की मांग प्रमुखता से उठाई। फेडरेशन के अध्यक्ष प्रकाश व्यास, मंडल मंत्री एस.एस. शर्मा, वरिष्ठ सलाहकार मनोहर पचौरी एवं अन्य पदाधिकारियों ने महाप्रबंधक मांग पत्र सौंपा। डीआरएम अश्विनी कुमार, अपर मंडल रेल प्रबंधक अक्षय कुमार तथा अन्य अधिकारी भी उपस्थित रहे।

# हुसैन टेकरी से अगवा शिशु सकुशल बरामद, राजस्थानी गिरोह के तीन पकड़ाए

- 200 से अधिक सीसीटीवी खंगालकर शिवपुरी से दबोचे आरोपी
- मानव तस्करी एंगल पर भी जांच जारी

**जावरा।** हुसैन टेकरी से 6 माह के मासूम के अपहरण की सनसनीखेज वारदात का औद्योगिक क्षेत्र जावरा पुलिस ने मात्र 24 घंटे में खुलासा करते हुए बच्चे को सकुशल बरामद कर लिया। पुलिस ने राजस्थान के एक संगठित गिरोह से जुड़े दो वयस्क आरोपियों और एक विधि-विरुद्ध किशोर को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार फरियादी साहिल अपने परिवार के साथ हुसैन टेकरी क्षेत्र में ठहरा हुआ था। 4-5 जून की रात वह परिजनों के साथ एक दुकान के बाहर सो रहा था। सुबह करीब 4.30 बजे उसकी नींद खुली तो 6 माह का पुत्र सयान गायब मिला। वहीं पास में सो रहे एक अज्ञात महिला, पुरुष और बच्चा भी वहां से लापता थे। शिकायत पर पुलिस ने तत्काल अपहरण का मामला दर्ज किया। घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक अमित कुमार के निर्देश पर विशेष टीम गठित की गई। जांच के दौरान पुलिस ने 200 से अधिक सीसीटीवी कैमरों के फुटेज का विश्लेषण किया और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर संदिग्धों की पहचान कर उनके मूवमेंट को ट्रैक किया। आरोपियों की लोकेशन शिवपुरी में मिलने पर स्थानीय पुलिस के सहयोग से दबिश देकर उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया तथा मासूम को सुरक्षित बरामद कर लिया गया। गिरफ्तार आरोपियों में राजस्थान के झालावाड़ निवासी निजाम मंसूरी, रुपाबाई तथा एक किशोर शामिल है। पुलिस अब आरोपियों से अपहरण के उद्देश्य, संभावित मानव तस्करी नेटवर्क और गिरोह के अन्य सदस्यों के संबंध में पूछताछ कर रही है। इस कार्रवाई में जावरा पुलिस, सीसीटीवी शाखा और तकनीकी टीम की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

**संदिग्धों की मूवमेंट को ट्रैक कर पुलिस ने पकड़ा गिरोह**

घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक अमित कुमार के निर्देश पर विशेष टीम गठित की गई। जांच के दौरान पुलिस ने 200 से अधिक सीसीटीवी कैमरों के फुटेज का विश्लेषण किया और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर संदिग्धों की पहचान कर उनके मूवमेंट को ट्रैक किया। आरोपियों की लोकेशन शिवपुरी में मिलने पर स्थानीय पुलिस के सहयोग से दबिश देकर उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया तथा मासूम को सुरक्षित बरामद कर लिया गया।



# युवा कांग्रेस में जोश का संचार, संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने की रणनीति

- गेहलोत, पाटिल, जाट और सिसोदिया ने युवाओं से सक्रिय भूमिका निभाने का किया आह्वान

**नवभारत न्यूज**

**सैलाना।** युवा कांग्रेस संगठन को जमीनी स्तर पर और अधिक मजबूत बनाने के उद्देश्य से सैलाना में एक महत्वपूर्ण संगठनात्मक बैठक आयोजित की गई। पूर्व विधायक एवं जिला कांग्रेस अध्यक्ष हर्षविजय गेहलोत के निवास पर आयोजित बैठक में संगठन विस्तार, बूथ स्तर तक कार्यकर्ताओं की सक्रिय भागीदारी तथा आगामी राजनीतिक गतिविधियों को लेकर विस्तृत चर्चा हुई।

जिला कांग्रेस अध्यक्ष हर्षविजय गेहलोत, युवा कांग्रेस की संभाग प्रभारी स्वीटी पाटिल, युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष मयंक जाट तथा जिला उपाध्यक्ष रवि सिसोदिया ने कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। नेताओं ने युवाओं को कांग्रेस की विचारधारा से जोड़ते हुए संगठन को अधिक सशक्त, सक्रिय और जनहितैषी बनाने पर जोर दिया। वक्ताओं ने कहा कि युवा शक्ति किसी भी संगठन की सबसे बड़ी ताकत होती है। युवाओं की सक्रिय भागीदारी से कांग्रेस को गांव और बूथ स्तर तक नई मजबूती मिलेगी।

इस अवसर पर सैलाना विधानसभा युवा कांग्रेस अध्यक्ष हनी गेहलोत सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे। सभी ने संगठन को मजबूत बनाने तथा आमजन की समस्याओं के समाधान के लिए पूरी निष्ठा से कार्य करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में राहुल हारी, प्रकाश डामर, सुनील पोरवाल, अजय निनामा, करण खराड़ी, दिनेश भूरिया, प्रकाश भूरिया, पप्पू गेहलोत, अरविंद गेहलोत, सोहन परगी, राजेश पाटीदार, मोहित डामोर और संजय शर्मा सहित कई पदाधिकारी उपस्थित रहे। संचालन अब्दुल मंसूरी ने किया तथा आभार प्रवीण मईड़ा ने माना।

# विवाद और मारपीट, तीन पर केस दर्ज

**बाजना।** शम्भु पिता दलिया चरपोटा (42) निवासी भोजपुरा ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि 5 जून को दोपहर करीब 4 बजे बालचंद के घर के पास पुराने विवाद और रंजिश को लेकर आरोपियों ने उसके साथ अभद्र व्यवहार किया व गालियां दीं तथा लकड़ी से मारपीट की। फरियादी का आरोप है कि मारपीट के दौरान आरोपियों ने उसे जान से मारने की धमकी भी दी। पुलिस ने हुमजी पिता कमजी निनामा, कला बाई पति हुमजी निनामा तथा लालु पिता वरसिंह निनामा, सभी निवासी भोजपुरा, के विरुद्ध मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# महायज्ञ की पूर्णाहुति पर निकली भव्य शोभायात्रा



**नवभारत न्यूज**

**नामली।** नगर परिषद के पीछे स्थित प्राचीन श्री गायत्री माता मंदिर में आयोजित पंच दिवसीय पंचकुंडीय महायज्ञ का समापन शुक्रवार को पूर्णाहुति एवं भव्य गंगाजल शोभायात्रा के साथ हुआ। धार्मिक आयोजन में नगर सहित आसपास के क्षेत्रों के बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। 1 जून से प्रारंभ हुए इस महायज्ञ के दौरान प्रतिदिन यज्ञ, पूजन, अनुष्ठान, सुंदरकांड पाठ, भजन संध्या और अन्य धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। समापन दिवस पर शाम 4 बजे मंदिर परिसर से गंगाजल शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें महिला-पुरुष श्रद्धालु बड़ी संख्या में शामिल हुए। शोभायात्रा नगर के प्रमुख मार्गों से होकर निकली। पूरे मार्ग में श्रद्धालु जयकारे लगाते हुए भक्ति भाव से शामिल रहे। धार्मिक वातावरण और भजनों की गूंज से पूरा नगर भक्तिमय हो उठा।

शोभायात्रा पुनः मंदिर परिसर पहुंची, जहां महाआरती का आयोजन किया गया। इसके बाद श्रद्धालुओं को प्रसादी वितरित की गई। पंच दिवसीय इस धार्मिक आयोजन ने नगर में आध्यात्मिक और सांस्कृतिक वातावरण का सृजन किया तथा श्रद्धालुओं को धर्म और संस्कारों से जुड़ने का अवसर प्रदान किया।

# 'नंद के आनंद भयो...' के जयकारों से गूंजी दयाल वाटिका, भक्तिरस में डूबे श्रद्धालु



**नवभारत न्यूज**

**रतलाम।** पुरुषोत्तम मास के अवसर पर दयाल वाटिका में आयोजित श्रीमद्भागवत ज्ञान यज्ञ महोत्सव के चौथे दिन श्रीराम एवं श्रीकृष्ण जन्मोत्सव श्रद्धा, उत्साह और भक्तिभाव के साथ मनाया गया। 'नंद के आनंद भयो' और 'नंदजी के आंगन में बज रही बधाई' जैसे जयघोषों से पूरा परिसर गूंज उठा। भगवान श्रीकृष्ण के जन्म की मंगल घड़ी आते ही श्रद्धालु भजन, ढोल और आतिशबाजी के बीच आनंदोत्सव में झूम उठे। महामंडलेश्वर स्वामी चिदम्बरानंद सरस्वती महाराज ने कथा में कहा कि जब अधर्म, अन्याय और अत्याचार अपनी सीमा पार कर जाते हैं, तब धर्म की स्थापना और सज्जनों की रक्षा के लिए भगवान अवतार लेते हैं। उन्होंने कहा कि श्रीकृष्ण का जीवन प्रेम, मित्रता, करुणा और जनकल्याण का आदर्श है तथा उनका जन्मोत्सव हमें इन्हीं मूल्यों को जीवन में अपनाने की प्रेरणा देता है। आयोजक मोहनलाल भट्ट परिवार की ओर से नन्हे कन्हैया के स्वरूप को टोकरी में लेकर व्यासपीठ तक लाया गया। पूज्य स्वामीजी ने बाल स्वरूप भगवान के दर्शन कर सभी श्रद्धालुओं को जन्मोत्सव की शुभकामनाएं दीं। इस दौरान माखन-मिश्री और प्रसादी का वितरण भी किया गया। स्वामीजी ने अधिक मास को भक्ति, जप, तप और कथा श्रवण के लिए विशेष फलदायी बताते हुए कहा कि प्रभु का नाम स्मरण मनुष्य के जीवन को पवित्र बनाता है। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं सहित विभिन्न सामाजिक एवं धार्मिक संगठनों के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## एक नजर में

**नीट पेपर लीक और आसमान छूती महंगाई को लेकर साइकिल और पैदल रैली**

# मेलोडी खाओ, महंगाई भूल जाओ...युवा कांग्रेस का अनोखा प्रदर्शन



**नवभारत न्यूज**

**जावरा।** प्रदेश युवक कांग्रेस के आह्वान पर जावरा में बढ़ती महंगाई, पेट्रोल-डीजल व रसोई गैस के आसमान छूते दामों और नीट पेपर लीक मामले के खिलाफ युवक कांग्रेस ने आर-पार की लड़ाई का बिगुल फूंक दिया। जावरा विधानसभा युवक कांग्रेस अध्यक्ष सनी अखेड़िया के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने सड़कों पर उतरकर एक बेहद अनोखा और आक्रामक विरोध प्रदर्शन किया। युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने साइकिल और पैदल रैली निकालकर पूरे शहर में आक्रोश जताया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने हाथ में मेलोडी खाओ, महंगाई भूल जाओ की तख्तियां थाम रखी थीं और केंद्र व राज्य सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।

**बांटी मेलोडी, महंगाई डायन का कराया नगर भ्रमण:** युवक कांग्रेस की रैली शहर के मुख्य मार्गों से होकर गुजरी। इस दौरान कार्यकर्ता अपने साथ प्रतीकात्मक महंगाई डायन को लेकर चल रहे थे, जो पूरे शहर में आकर्षण और कौतूहल का केंद्र बनी रही।

रैली जब पेट्रोल पंप पर पहुंची, तो वहां पेट्रोल-डीजल डलवाने आए आम उपभोक्ताओं को सनी अखेड़िया और कार्यकर्ताओं ने मेलोडी चॉकलेट बांटी। नेताओं ने तंज कसते हुए कहा कि सरकार आम जनता को मेलोडी खिलाकर महंगाई का कड़वा सच भुलाना चाहती है, लेकिन जनता अब जाग चुकी है।

### वरिष्ठ नेताओं और कार्यकर्ताओं की रही भारी मौजूदगी

प्रदर्शन में कांग्रेस, युवा कांग्रेस और विभिन्न विंग्स के दिग्गज नेताओं सहित सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। प्रदर्शन में मुख्य रूप से पूर्व एनएसयूआई जिला अध्यक्ष संयम शर्मा, पूर्व एनएसयूआई जिला अध्यक्ष पप्पू चारोडिया, सेवादल जिला अध्यक्ष नितेश सुराणा, शहर युवा कांग्रेस अध्यक्ष अल्फेज पठान के साथ पिपलोदा दक्षिण ब्लॉक अध्यक्ष नितिन चौहान, पिपलोदा उत्तर ब्लॉक अध्यक्ष नागेश्वर पाटीदार, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र ऊंटवाल, रफीक शाह, कैलाश शाह, शहजाद शाह, जितेंद्र सोलंकी, कमलेश वर्मा, चंद्रशेखर शर्मा, कारू सिंह, असलम खान, संदीप शर्मा, सुनील सेन, मुस्तकीम नागौरी, सारेब भाई, अब्दुल रहमान, समीर भाई, सोनू बुखारी, अनिल गुर्जर, सूरज गोसर, गोलु रारोतिया, गौरव राठौर और इमरान मंसूरी आदी उपस्थित थे। उक्त जानकारी विधानसभा महासचिव पुरुषोत्तम बोडाना ने दी।